रौल नं०..............................नाम परीक्षार्थी........................................

XI-16 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० **A**

# जीव विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 70

**नोट :–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आवश्यकतानुसार स्वच्छ व नामांकित चित्र बनाइए।

**1.** निम्न खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :– 4

(a) जन्तु विज्ञान का जनक कहा जाता है :–

(i) अरस्तू (ii) लैमार्क

(iii) ल्यूवेनहॉक (iv) थियोफ्रेस्टस।

(b) सिस्टेमा नेचुरी नामक पुस्तक के लेखक हैं :–

(i) कैरोलस लीनियस (ii) चार्ल्स डार्विन

(iii) जॉनरे (iv) कोई नहीं।

(c) थाइरॉइड किसमें उपस्थित होती है :–

(i) कण्ठ (ii) ग्रसनी

(iii) कर्णपल्लव (iv) नासिका।

(d) विलियम टार्वे किसकी खोज के लिए प्रसिद्ध है :–

(i) पाचन (ii) श्वसन

(iii) रूधिर परिसंचरण (iv) कोई नहीं।

**(निश्चित उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 1 अंक)**

**2.** श्वसन किसे कहते हैं? तथा यह कितने प्रकार का होता है?

**3.** मनुष्य के हृदय में कितने वेश्म होते है? उनके नाम लिखिए।

**4.** मनुष्य के किन्हीं दो उत्सर्जी अंगों के नाम लिखिए

**5.** किसी ऐसे शैवाल का नाम लिखिए जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण में भाग लेता है।

**6.** मेंढक तथा कबूतर के वैज्ञानिक नाम लिखिए।

**7.** पुष्प के कितने भाग होते है? उनके नाम लिखिए।

**(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 2 अंक)**

**8.** द्वितीयक वृद्धि क्या है? यह किन पौधों में पायी जाती है?

**9.** कॉकरोच की आहारनाल का केवल नामांकित चित्र बनाइए।

**10.** कैल्विन चक्र पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**11.** ऑक्सी तथा अनॉक्सी श्वसन में क्या अन्तर है?

**12.** रूधिर तथा लसीका में क्या अन्तर है?

**13.** जीवों को वर्गीकृत क्यों किया जाता है?

(पृष्ठ पलटिए)

14. संघ पोरीफेरा के कोई चार लक्षण लिखिए।

15. पक्षियों में उड़ने हेतु क्या-क्या रूपान्तरण हैं?

16. जीवाणु तथा विषाणु में क्या अन्तर है?

**( लघु उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 3 अंक)**

17. पुष्प की संरचना का वर्णन कीजिए।

18. रेखित तथा अरेखित पेशियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19. निम्न पर टिप्पणी लिखिए :-

(अ) क्लोरोफिल (ब) जाइलम

20. किसी द्विबीजपत्री तने की अनुप्रस्थ काट का नामांकित चित्र बनाइए।

21. उपास्थि तथा अस्थि में क्या अन्तर है?

22. वर्गीकीय पादानुक्रम क्या है? इसका सही क्रम लिखिए।

23. जीवाणु कोशिका का सचित्र वर्णन कीजिए।

24. टिप्पणी लिखिए :-

(अ) युग्लीना (ब) मेढ़क।

25. चमगादड़ को स्तनीवर्ग में क्यों रखा? जबकि यह पक्षियों की तरह उड़ता है?

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न, प्रत्येक 5 अंक)**

26. संघ आर्थोपोडा की क्या विशेषताएँ है। इस वर्ग के दो लक्षण तथा उदाहरण दीजिए।

**अथवा**

$C_3$ तथा $C_4$ पादपों में अन्तर बताइए।

27. पुष्पक्रम का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

मक्का के दाने का स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइए।

28. नामकरण की द्विनाम पद्धति का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

**अथवा**

निम्न पर टिप्पणी लिखिए :-

(अ) शैवाल (ब) फीताकृति।